राजकीय ई-मेल

# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15(10)/एल–11/गोप्र/प्रमुवसं–06263–पार्ट–II/ 1083/c दिनांक : 25.01.2024

निमित्त,

मुख्य वन संरक्षक,
उदयपुर।

विषय :– वनरक्षक/सहायक वनपाल से संबंधित डाटाबेस के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के पत्रांक एफ 15(10)/एल–11/गोप्र/प्रमुवसं–06263–पार्ट–II/ 496–496/सी दिनांक 18.01.2024 के द्वारा वनरक्षक/सहायक वनपाल से संबंधित डाटाबेस के संबंध में सूचनाऐं आपके कार्यालय में पदस्थापित उप वन संरक्षक (प्रशासन) एवं समस्त उप वन संरक्षकों को कार्मिक प्रभारियों के साथ दिनांक 20.01.2024 को दोपहर 2.00 बजे उपस्थित होने के निर्देश दिये गये थे।

उक्त आयोजित बैठक में आपके कार्यालय से संबंधित सूचनाओं के अवलोकन करने पर पाया गया हैं कि बिन्दु संख्या 1 के कॉलम संख्या 15 (विकल्प पत्र का निस्तारण) की सूचना में कार्यालय उप वन संरक्षक, उदयपुर द्वारा कोई प्रविष्टि नहीं की गई है। कार्यालय उप वन संरक्षक, उदयपुर में पदस्थापित लोक सेवकों द्वारा दिये गये विकल्प पत्र पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक एफ 15 (1)2014/कार्मिक–भर्ती/प्रमुवसं/11395–400 दिनांक 15.10.2015 एवं 11416–20 दिनांक 19.10.2015 के क्रम में उक्त नियमों के नियम 28 (सी) के अन्तर्गत गठित कमेटी द्वारा विकल्प पत्रों के आधार पर स्क्रीनिंग की कार्यवाही दौरान विकल्प पत्र का निस्तारण (अनुसूचित क्षेत्र में सेवा हेतु समाहित/गैर अनुसूचित क्षेत्र में सेवा हेतु समाहित) नहीं किया गया है। कार्यालय उप वन संरक्षक उदयपुर (उत्तर) ने बिन्दु संख्या 1 के कॉलम संख्या 15 (विकल्प पत्र का निस्तारण) की सूचना में कुछ लोक सेवकों के विकल्प पत्रों के निस्तारण के संबंध में प्रविष्टियां नहीं की गई है।

अतः आप अपने अधीनस्थ कार्यालयों के बिन्दु संख्या 1 एवं बिन्दु संख्या 2 की सूचना का पुनः परीक्षण करवाकर तीन दिवस में संकलित सूचना हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(राजीव चतुर्वेदी)
मुख्य वन संरक्षक (संस्थापन)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15(10)/एल–11/गोप्र/प्रमुवसं–06263–पार्ट–II/ 1084/c दिनांक : 25.01.2024

प्रतिलिपि उप वन संरक्षक सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु।

मुख्य वन संरक्षक (संस्थापन)
राजस्थान, जयपुर

D:\Sr. List\FG & AF SL 2023\8CCF Udaipur.docx